# Population Distribution

# and

# Natural Resources:


# Vegetation and Major Minerals

# Population

- वर्तमान में विश्व की सभी प्रजातियों के लोग यहाँ रहते हैं जिससे यह मिश्रण वर्तमान में बहुत अधिक हो गया है कि पहचान करना कठिन है।
- इसलिए इस महाद्वीप को बहु जातिय एवं बहु संस्कृति वाला महाद्वीप कहा जाता है।
- इस महाद्वीप का प्रमुख धर्म रोमन–कैथालिक है।
- ब्राजील पूर्तगाल का उपनिवेश रहा है। शुरूआत में ब्राजील पूर्तगालियों की बस्ती थी। इसलिए जनसंख्या पर यूरोप का प्रभाव स्पष्ट देखा जा सकता है।
- यूरोप के अतिरिक्त एशिया एवं अफ्रीका के लोग भी यहाँ आकर बस गए हैं।
- ब्राजील में 180 से अधिक बोलियाँ हैं लेकिन यहाँ की प्रमुख भाषा पूर्तगाली है।

# जनसंख्या वितरण


- जनसंख्या के वितरण पर जलवायु, स्थलाकृति एवं वन क्षेत्र का सर्वाधिक प्रभाव देखा जा सकता है।
- देश की भौगोलिक दशाओं के कारण जनसंख्या वितरण असमान है। सबसे कम जन घनत्व अमेजन बेसिन में एवं सर्वाधिक जन घनत्व दक्षिण–पूर्व एवं पूर्वी तटीय क्षेत्र है।



# Population

- Population density -25 per square km. (2018)
- Literacy Rate - 93.23%
- Sex Ratio-96.96 males per 100 females.
- Life expectancy-75.96 years (2020)
- Urbanization- 86.82% (2019)
- Population growth rate -0.8% annual (2018)

- The variety of climates, soils, and drainage conditions in Brazil is reflected in the range of its vegetation t ypes.
- Forest area in Brazil was reported at 58.93 % in 2016.



# Evergreen Rain Forest

- विश्व के सबसे विस्तृत वर्षा वन (Rain Forest) क्षेत्र ब्राजील के अमेजन बेसिन में स्थित है जिन्हें यहाँ सेल्वा (Selva) कहा जाता है।
- ये चौड़ी पत्ती वाले विषुवतीय सदाबहार वन हैं जो सामान्यतः बादलों से ढके रहते हैं।
- सेल्वा पूर्व में अटलांटिक महासागर से पश्चिम में एंडीज पर्वत एवं उत्तर में गुयाना उच्चभूमि से दक्षिण में ब्राजील के पठार तक लगभग 60 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में ब्राजील के लगभग 40 प्रतिशत भाग पर फैले हुए हैं।
- इन वर्षा वनों को 'धरती के फेफड़े' (The lungs of the Planet) भी कहा जाता है।

# Tropical Grassland

- देश का एक विस्तृत भाग सवाना प्रकार की घास से ढका हुआ है।
- उष्ण कटिबंधीय घास के मैदानों ब्राजील में कैम्पोस (Campos) कहा जाता है। इन मैदानों में घास के बीच दूर–दूर में पतझड़ी वृक्ष मिलते हैं।





# Temperate Coniferous Forests
# शीतोष्ण कोणधारी वन

- देश के ऊँचे भागों में कोणधारी वन भी पाए जाते हैं।
- **Subtropical latitudes of Southeastern Brazil.**



# खनिज (Mineral)

- ब्राजील खनिजों की दृष्टि से न केवल दक्षिण अमेरिका बल्कि विश्व का भी एक प्रमुख देश है।
- लोह अयस्क, टिन, तांबा, मैंगनीज, अभ्रक, ग्रेनाइट, एसबेस्टस, बेरीलियम, क्वार्ट्ज, बॉक्साइट, क्रोम, सोना, चांदी, जिरकोनियम एवं उत्तम गुणवत्ता का क्वार्ट्ज आदि खनिजों का उत्पादन यहाँ से किया जाता है।
- मिनास गिरास एवं पारा राज्यों में सर्वाधिक खनिज पाए जाते हैं जिनमें लौह अयस्क, बॉक्साइट एवं सोना प्रमुख है। माटो ग्रासो एवं अमापा राज्यों में मैंगनीज के भंडार पाए जाते हैं।

# Minerals (Iron-Ore)

- आस्ट्रेलिया के बाद ब्राजील विश्व का दूसरा सबसे बड़ा लोहा उत्पादक देश है।
- लोह अयस्क के भंडार वाला यह विश्व का प्रमुख देश है जिसमें 70 प्रतिशत तक धातु पाई जाती है।
- देश में लगभग 1500 करोड़ टन के निक्षेप हैं जो अधिकांशतः मिनास गिरास एवं पारा **(Para)** राज्य में हैं। पारा **(Para)** राज्य में कराजस **(Carajas)** खान विश्व की लोहे की सबसे बड़ी खान है।
- मिनास गिरास राज्य में स्थित सर्माको अलेग्रीया **(Samarco Alegria)** खान विश्व की दूसरी सबसे बड़ी खान है। मिनास गिरास राज्य के इताबिरा **(Itabira)** क्षेत्र उत्तम गुणवत्ता के विशाल भंडार मौजुद हैं।
- इसके अतिरिक्त लोहे का खनन पूर्वी उच्चभूमि से किया जाता है।

# Diamond

- हीरो का खनन इस देश में प्राचीन काल से ही किया जाता रहा है। डाइमैन्टाइन (Diamantine) क्षेत्र इस हेतु सबसे प्रसिद्ध है। साओ पोलो, मिनास गिरास माटो ग्रासो आदि राज्यों से हीरे का खनन होता है। ब्राजील के बाहिया राज्य से काला हीरा निकलता है।



# Minerals

- The third largest producer of bauxite
- The fifth largest producer of tin
- Tenth largest producer of gold
- Leading producer of huge quantities of aluminum, bauxite, and alumina

# ऊर्जा संसाधन (Energy Resource)

- कोयला उत्पादन की दृष्टि से ब्राजील का विश्व में विशेष योगदान नही है। इस देश में अल्प मात्रा में कोयला निकाला जाता है।
- देश का 80 प्रतिशत कोयला रियो ग्राण्डे डो सूल राज्य से मिलता है। साथ ही सैंट कैटरिना, साओ पोलो, पराना और माटो ग्रासो राज्यों में भी कोयले के भंडार हैं।
- देश में कोयले की आवश्यकता आयातित कोयले पर ही निर्भर है। सर्वाधिक कोयला संयुक्त राज्य अमेरिका से अधिकांश कोयला आयात किया जाता है।